>

Title : Need to seek release of fishermen from Daman and Diu and Gujrat who are languishing in Pakistani jails.

श्री लालूभाई बाबूभाई पटेल (दमन और दीव): अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र दमन और दीव की सबसे गंभीर समस्या की ओर खींचना चाहता हूं। दमन और दीव दरियाई तट पर होने से वहां के लोगों का मुख्य व्यवसाय मछली पकड़ना है। दमन और दीव तथा गुजरात राज्य के कई मछुआरे काफी समय से पाकिस्तानी जेलों में कैद हैं। उनमें कई मछुआरे एक ही परिवार के हैं और बाकी अपने घर के अकेले कमाने वाले हैं। इस कारण उनके परिवार में आर्थिक समस्या बहुत समय से चल रही है। पाकिस्तान की जेलों में उन पर अत्याचार भी हो रहा है, जिसके कारण बहुत से मछुआरे वहां के अस्पतालों में भी भर्ती हैं।

एनडीए सरकार के समय पकड़े गये मछुआरे अपनी नावों के साथ छः महीने में ही छुड़वा लिये जाते थे, लेकिन पिछले थोड़े वर्षों से पकड़े गये मछुआरे उनकी जेलों में ही कैद हैं। मैं आपके माध्यम से माननीय विदेश मंत्री जी से पूछना चाहता हूं कि क्या आपने उन मछुआरों को छुड़ाने के लिए पाकिस्तान सरकार से बात की है? यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है? धन्यवाद।